# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्घीकला, हाजीपुर)

**रविन्द्र कुमार,** बि0शि0से0
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

मोबाईल नं0–8544412079
हाजीपुर, वैशाली–844102

E-mail Id.-deovaishali.edn@gmail.com,deo-vaishali@bihar.gov.in

---

पत्रांक–1636

सेवा में,

श्री बबलू कुमार,विद्यालय अध्यापक,
उत्क्रमित मध्य विद्यालय विष्णुपुर गढ़,
प्रखंड चेहराकला।
जिला–वैशाली।

हाजीपुर, दिनांक–01/8/26

विषयः– स्पष्टीकरण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि सहयोग पोर्टल पर दर्ज शिकायत संख्या REF635960 दिनांक 23.07.2026 के माध्यम से ग्रामीणों द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है कि आपके द्वारा विद्यालय के छात्रों को बुरी तरह पीटा जाता है। साथ ही, ग्रामीणों द्वारा मना करने पर आपके द्वारा अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए कहा जाता है कि आपका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है और आप अपनी मर्जी से कार्य करेंगे।

आपका उपर्युक्त कृत्य यह दर्शाता है कि आप अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीर नहीं हैं, छात्रों के प्रति आपका व्यवहार हिंसक है और उच्चाधिकारी के आदेशों एवं विभागीय नियमों की घोर अवहेलना कर रहे हैं।

अतः आपको निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त आरोपों के संबंध में अपना स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के अंदर कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन

01.8.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

01/8/26